आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 20 राजस्थान मूल्य ₹ 5.50

पहला सुख निरोगी काया... विश्व साइकिल दिवस पर युवाओं ने साइकिल चलाकर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

भास्कर संवाददाता | भरतपुर

भरतपुर. साइकिल दिवस पर रैली निकालते युवा।

भरतपुर साइकिल क्लब की ओर विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से पूरे शहर का भ्रमण किया उसके पश्चात जन जागरण कार्यक्रम विश्वप्रिय शास्त्री पार्क के गेट पर प्रारंभ किया। बीसीसी अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने साइकिल चलाने के अनंत फायदे हैं। इससे मानसिक और शारीरिक संतुलन बेहतर रहता है। साइकिलिंग हृदय स्वास्थ को बेहतर बनाने, वजन प्रबंधन में मदद करने, टाइप 2 मधुमेह के जोखिम कम करने, मांसपेशियों को मजबूत करने, कैंसर के जोखिम कम करने, गठिया की रोकथाम तथा तनाव कम करने में मददगार है। इसलिए सुबह नाश्ता करने से पहले साइकिल अवश्य चलानी चाहिए। बाद में लोगों को पेम्फलेट का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रैफिक इंचार्ज रामचरण मीणा ने की। संचालन पार्षद पंकज गोयल ने किया। कार्यक्रम में राइडर मनीष गर्ग, जीवन जैन, राहुल कंसल, सुमित अग्रवाल, चेतन गोयल, गौरव जिंदल, मिहिर सिंघल, राजेंद्र गर्ग, अनूप मंगल, मुकेश गुप्ता, गौरव गोयल आदि उपस्थित थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व शांति भवन की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस पर मेरा देश मेरी शान अनदेखा भारत साइकिल यात्रा का कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी के शिपिंग एवियशन एवं टूरिजम प्रभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस साइकिल यात्रा का शुभारंभ विश्व शांति भवन से करते हुए किले के म्यूजियम तक जाकर समापन किया गया। कार्यक्रम में विशाल माथुर पर्यटन अधिकारी,अनुराग गर्ग जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष, रघुराज सिंह डायरेक्टर लक्ष्मी विलास पैलेस होटल, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी आदि शामिल हुए। इस यात्रा के अंतर्गत मेरा देश मेरी शान मातृभूमि के लिए प्रतिज्ञा पत्र भी भरवाए गए। साईकिल यात्री जुगलकिशोर सैनी, ओमवीर रिटायर्ड कर्नल, रनवीर, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसे ब्रिगेडियर घासीरामनगर से रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश शर्मा नायब तहसीलदार रूपबास थे। अन्य अतिथि योगेंद्र कुमार शर्मा, वीर सिंह, हेमेंद्र चौधरी उपस्थित थे। यह रैली ब्रिगेडियर घासीरामराम मर्डर पुर रोड कृष्ण नगर होते हुए महारानी जया कॉलेज भरतपुर के गेट पर संपन्न हुई इस रैली का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी दौलत शर्मा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं अजीत भारद्वाज गांवड़ी द्वारा किया गया नेहरू युवा केंद्र द्वारा सभी बच्चों को कैप दी गई। संचालन सत्यवान सिंह ने किया।

Scanned with CamScanner